**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 441**
**दिनांक 21.07.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा की गई यात्राएं**

441. श्री रवनीत सिंह
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्रीमती मंजुलता मंडलः
श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री कुलदीप राय शर्माः
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
श्री सु. थिरुनवुक्करासरः
श्री धनुष एम. कुमारः
श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत
श्री एस. ज्ञानतिरावियमः
श्री जी. सेल्वमः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत चार महीनों के दौरान आज की तारीख तक विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा की गई भारत की यात्राओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन मुद्दों का ब्यौरा क्या है जिन पर इन विदेशी गणमान्य व्यक्तियो के साथ विचार–विमर्श किया गया था;

(ग) क्या उनके साथ किन्हीं द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उपर्युक्त अवधि के दौरान प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा की गई विदेश यात्राओं का देश–वार ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा कितनी धनराशि खर्च की गई और क्या चर्चा हुई और उसके क्या परिणाम निकले;

(ड.) सहयोग के लिए किन–किन क्षेत्रों की पहचान की गई है और ऐसी द्विपक्षीय यात्राओं से देश को क्या लाभ हो रहे हैं; और

(च) सरकार द्वारा इन देशों के साथ संबंधों को और बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (ग) जानकारी अनुबंध– I में दी गई है।

(घ) जानकारी अनुबंध– II में दी गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2023 में पिछले चार महीनों के दौरान प्रधानमंत्री की विदेशी यात्राओं पर भारत सरकार द्वारा 1,79,38,717/–रुपए की राशि और विदेश मंत्री की विदेशी यात्राओं पर 1,06,80,810/–रुपए की राशि व्यय की गई। अन्य कैबिनेट मंत्रियों की यात्राओं पर होने वाला व्यय संबंधित मंत्रालय की निधि से किया जाता है।

(ड.) और (च) उच्च स्तरीय यात्राएं अन्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर भारत के संबंधों को बढ़ावा देने के सुस्थापित साधन हैं। ऐसी यात्राओं के माध्यम से भारत अपने राष्ट्रीय हितों को पूरा करता है और विदेश नीति के उद्देश्यों को लागू करता है। इन यात्राओं से उच्चतम स्तर पर विदेशी भागीदारों के बीच क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण की समझ बढ़ी है। इन यात्राओं के दौरान हुए समझौतों से भारत को भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने और भारत के दृष्टिकोण को उनके समक्ष रखने तथा वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए दुनिया भर के भागीदारों को भारत के अपने अनूठे समाधान प्रदान करने के साथ–साथ सुधारित बहुपक्षवाद, शांति एवं सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय अपराध, आतंकवाद, साइबर–सुरक्षा, प्रतिरोधक्षमता युक्त आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा तथा खाद्य सुरक्षा आदि जैसे वैश्विक मुद्दों पर एजेंडा तैयार करने में सक्षम बनाया है। ये यात्राएं और उस दौरान हुए समझौते/करार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, व्यापार एवं निवेश और रक्षा सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाते हैं। इस तरह के परिणाम आर्थिक विकास तथा हमारे लोगों की भलाई को बढ़ावा देने और विकासशील देशों के हितों को आगे बढ़ाने के भारत के राष्ट्रीय विकास एजेंडे में भी योगदान देते हैं।

*****

अनुबंध- I

**पिछले चार माह के दौरान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा की गई यात्राएं**

| **क्र.सं.** | **देश** | **यात्रा करने वाले शासनाध्यक्ष/राष्ट्रध्यक्ष का नाम** | **यात्रा की अवधि** | **अभ्युक्तियां** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इटली | सुश्री जियोर्जिया मेलोनी, इटली की प्रधान मंत्री | 2-3 मार्च 2023 | द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की गई और नेताओं ने क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने में प्रमुख मूल्यों के रूप में लोकतंत्र, स्वतंत्रता, मानवाधिकार और विधि के शासन के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता पर बल दिया। इस यात्रा के परिणामस्वरूप भारत-इटली द्विपक्षीय संबंध "रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक पहुंच गए। यात्रा के दौरान इटली विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा शैक्षणिक सहयोग स्तंभ के तहत इंडो-पैसिफिक महासागर पहल में शामिल हुआ; प्रवासन एवं आवाजाही के संबंध में आशय घोषणा पत्र और रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता और कोलकाता स्थित इतालवी महाकोंसलावास के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | महामहिम श्री एंथोनी अल्बानीज़ सांसद, ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री | 08-11 मार्च 2023 | दोनों प्रधानमंत्रियों ने राजनीतिक एवं रणनीतिक, रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, शिक्षा तथा अनुसंधान, कृषि एवं जल, साइबर एवं अंतरिक्ष, खनन तथा महत्वपूर्ण खनिज, जलवायु परिवर्तन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और लोगों की आवाजाही सहित बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। खेलों में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, भारत-ऑस्ट्रेलिया सौर कार्यबल संबंधी विचारार्थ विषयों और नवाचार में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए अटल इनोवेशन मिशन और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संगठन के बीच आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। |
| 3 | भूटान | महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, भारत के लिए भूटान के महामहिम राजा | 3-5 अप्रैल 2023 | द्विपक्षीय सहयोग, आपसी हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों के संपूर्ण पहलुआें पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने भूटान के साथ मित्रता और सहयोग के अनूठे संबंधों के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और शाही सरकार की प्राथमिकताओं के आधार पर और महामहिम के दृष्टिकोण के अनुसार भूटान में सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए निरंतर और पूर्ण समर्थन दोहराया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | "विस्तारित भारत-भूटान साझेदारी के लिए एक रूपरेखा" शीर्षक से एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। |
| 4 | कंबोडिया | महामहिम नोरोडोम सिहामोनी, कंबोडिया के राजा | 29-31 मई, 2023 | भारत-कंबोडिया संबंध विभिन्न स्तरों पर नियमित बातचीत के साथ सुदृढ़ हो रहे हैं और भारत क्षमता निर्माण, सांस्कृतिक स्मारकों के संरक्षण एवं पुनरुद्धार, खनन पर रोक सहित सामाजिक-आर्थिक परियोजनाओं के लिए सहायता और सहयोग प्रदान करने, परियोजनाओं के लिए ऋण सहायता प्रदान करने और रक्षा सहयोग में योगदान दे रहा है। |
| 5 | नेपाल | श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', नेपाल के प्रधान मंत्री | 31 मई -03 जून 2023 | भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों ने राजनीतिक, आर्थिक, व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और विकासात्मक सहयोग सहित द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुआें की समीक्षा की। |

**अनुबंध- II**

**पिछले चार माह के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा की गई विदेश यात्राएं**

| क्र.सं. | देश का नाम | यात्रा की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | जापान | 19-20 मई, 2023 |
| 2 | पापुआ न्यू गिनी | 21-22 मई, 2023 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 22-24 मई 2023 |
| 4 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 20-23 जून, 2023 |
| 5 | मिस्र | 24-25 जून, 2023 |
| 6 | फ्रांस | 13-14 जुलाई 2023 |
| 7 | संयुक्त अरब अमीरात | 15 जुलाई 2023 |

**पिछले चार माह के दौरान विदेश मंत्री द्वारा की गई विदेश यात्राएं**

| क्र.सं. | देश का नाम | यात्रा की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | युगांडा | 10-12 अप्रैल 2023 |
| 2 | इथियोपिया | 13 अप्रैल 2023 |
| 3 | मोज़ाम्बिक | 13-15 अप्रैल, 2023 |
| 4 | गुयाना | 20-24 अप्रैल 2023 |
| 5 | पनामा | 24-25 अप्रैल, 2023 |
| 6 | कोलंबिया | 24-26 अप्रैल 2023 |
| 7 | डोमिनिकन गणराज्य | 27-29 अप्रैल 2023 |
| 8 | बांग्लादेश | 11-12 मई 2023 |
| 9 | स्वीडन | 13-15 मई, 2023 |
| 10 | बेल्जियम | 15-16 मई 2023 |
| 11 | ऑस्ट्रेलिया | 22-24 मई 2023 |
| 12 | ब्रुनेई | 30-31 मई 2023 |
| 13 | दक्षिण अफ्रीका | 31 मई- 4 जून 2023 |
| 14 | नामीबिया | 4-6 जून 2023 |
| 15 | तंजानिया | 5-8 जुलाई 2023 |
| 16 | इंडोनेशिया | 12-15 जुलाई 2023 |
| 15 | थाईलैंड | 15-18 जुलाई 2023 |

**अनुबंध- II**

**पिछले चार माह के दौरान अन्य कैबिनेट मंत्रियों द्वारा की गई विदेश यात्राएं**

| **क्र.सं.** | **देश का नाम** | **मंत्री का नाम** | **यात्रा की अवधि** |
|---|---|---|---|
| 1 | मालदीव | श्री राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री | 1-3 मई 2023 |
| 2 | नाइजीरिया | श्री राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री | 28-29 मई, 2023 |
| 3 | सिंगापुर | श्री धर्मेन्द्र प्रधान, शिक्षा मंत्री | 29-31 मई, 2023 |
| 4 | ब्राज़ील | श्री प्रल्हाद जोशी, संसदीय कार्य मंत्री | 11-13 जून, 2023 |
| 5 | उरुग्वे | श्री प्रल्हाद जोशी, संसदीय कार्य मंत्री | 14-17 जून 2023 |
| 6 | नॉर्वे | श्री किरेन रिजिजू, पृथ्वी विज्ञान मंत्री | 11-17 जून 2023 |

*****